# बिजनेस प्लान कैसे बनाए विषय पर व्याख्यान आयोजित

शाहाबाद मारकंडा, 6 मई (विजय कुमार) : शुक्रवार को आर्य कन्या महाविधालय के सभागार में उद्यमिता क्लब की संयोजिका एसोसिएट प्रो. बीना और आत्मनिर्भर भारत क्लब की संयोजिका डा. हेमा सुखीजा के निर्देशन में छात्राओं के लिए 'बिजनेस प्लान कैसे बनाए विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आर्य कन्या महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग से असिस्टेंट प्रो. रजनी पवन ने मुख्य वक्ता के रूप में भूमिका निभाई व कम्प्यूटर साईस विभाग से असिस्टेंट प्रो. स्वाती अत्री ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। छात्राओं को संबोधित करते हुए जीव विज्ञान की विभागाध्यक्ष एसोसिएट प्रो. डा. पुष्पा शर्मा ने कहा कि आज के आधुनिक व तकनीकी युग में आत्मनिर्भर बनने के लिए इस तरह के व्याख्यान महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के व्याख्यानों का आयोजन किया जाना चाहिए ताकि छात्र इससे ज्ञान अर्जित करके व प्रोत्साहित होकर वे अपना खुद का उद्यम चला सके व अन्य लोगों को भी रोजगार के अवसर दे सके। मुख्य वक्ता ने अपने वक्तव्य में व्यवसाय की महत्ता बताते हुए इसकी योजना कैसे बनाई जाए विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए और पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा छात्राओं को व्यवसाय योजना के विभिन्न आयामों से अवगत करवाया। उन्होंने छात्राओं का प्रोत्साहित किया कि वे भविष्य में इन योजनाओं को अपनाकर स्वयं का महिला उद्यम स्थापित कर सकती हैं व अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनकर महिला उद्यमिता को बढ़ावा दे सकती हैं। कार्यक्रम के समापन पर उद्यमिता क्लब की संयोजिका बीना ने सबका धन्यवाद प्रेषित किया। कार्यक्रम में लगभग 65 छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

अजीत
7

# बिजनेस प्लान कैसे बनाए' पर दिया व्याख्यान

भास्कर न्यूज | शाहाबाद

आर्य कन्या महाविद्यालय शाहाबाद के सभागार में छात्राओं के लिए बिजनेस प्लान कैसे बनाएं विषय पर व्याख्यान दिया। उद्यमिता क्लब की संयोजिका एसोसिएट प्रोफेसर बीना और आत्मनिर्भर भारत क्लब की संयोजिका डॉ. हेमा सुखीजा के निर्देशन में महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग से असिस्टेंट प्रोफेसर रजनी पवन मुख्य वक्ता रही।




शाहाबाद | व्याख्यान के दौरान छात्राओं को जानकारी देते वक्ता।

कम्प्यूटर साइंस विभाग से असिस्टेंट प्रोफेसर स्वाति अत्री ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। कॉलेज के जीव विज्ञान की विभागाध्यक्ष एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पुष्पा शर्मा ने कहा कि आज के आधुनिक व तकनीकी युग में आत्मनिर्भर बनने के लिए इस तरह के व्याख्यान महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस तरह के व्याख्यानों का आयोजन किया जाना चाहिए, ताकि इससे ज्ञान अर्जित करके व प्रोत्साहित होकर वे अपना खुद का उद्यम चला सके। साथ ही अन्य लोगों को भी रोजगार के अवसर दे सके। मुख्य वक्ता ने अपने वक्तव्य में व्यवसाय की महत्ता बताते हुए इसकी योजना कैसे बनाई जाए, विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में लगभग 65 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में उद्यमिता क्लब व आत्मनिर्भर क्लब के सदस्य योगिता साहनी, डॉ. रागिनी मिश्रा, रोजी, हिमानी, अकविंदर और महेश धीमान मौजूद रहे।